दिन– बुधवार

दिनांक– 03 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने एनएच–इकतीस और एनएच–दो सौ इकतीस के खगड़िया–पूर्णिया खंड को फोर लेन में अपग्रेड करने की दी मंजूरी।

02 राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से अनुदान प्राप्त करने के लिए वार्षिक आय सीमा को ढाई लाख रुपये से बढ़ाकर चार लाख रुपये किया।

03. शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा – टीआरई–फोर के लिए जुलाई महीने में प्रकाशित होगा विज्ञापन।

04. और, रोहतास जिले की तेलकप पंचायत को नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार से किया गया सम्मानित।

**अब समाचार विस्तार से.........**

————————————————————————————

केंद्र सरकार ने बिहार में एनएच–इकतीस और एनएच–दो सौ इकतीस के खगड़िया–पूर्णिया खंड को फोर लेन में उन्नयन की मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि योजना के तहत एक सौ चौवालीस किलोमीटर लंबी सड़क का अपग्रेडेशन किया जाएगा। इस पर तीन हजार नौ सौ छत्तीस करोड़ रुपये की लागत आएगी। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट के हिस्से के रूप में पूर्णिया शहर में ग्रीनफील्ड बाईपास का निर्माण किया जाएगा।

——साउंड बाइट——

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने खगड़िया–पूर्णिया खंड को फोर लेन में उन्नयन की मंजूरी मिलने पर केंद्र सरकार को धन्यवाद दिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि इस परियोजना से सीमांचल और कोसी क्षेत्र की कनेक्टिविटी सुदृढ़ होगी और आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

————————————————————————————

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से अनुदान प्राप्त करने के लिए वार्षिक आय सीमा को ढाई लाख रुपये से बढ़ाकर चार लाख रुपये कर दिया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविन्द कुमार चौधरी ने बताया कि आय सीमा बढ़ने से अधिक से अधिक मरीजों को योजना का लाभ मिलेगा।

——साउंड बाइट——

श्री चौधरी ने बताया कि कैबिनेट ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के क्रियान्वयन के लिए एक सौ चौंसठ करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की है। वहीं भोजपुर जिले में एकीकृत एक्वा पार्क की स्थापना के लिए इकतीस करोड़ रुपये से अधिक की योजना को भी मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने कुल तेरह प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की।

————————————————————————————

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि चौथे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा, टीआरई—फोर के लिए जुलाई महीने में विज्ञापन प्रकाशित कर दिया जाएगा। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में श्री तिवारी ने बताया कि शिक्षक नियुक्ति के लिए अब प्रत्येक वर्ष जुलाई महीने में ही विज्ञापन प्रकाशित किये जायेंगे। अगले पांच वर्षों में एक लाख शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी।

——साउंड बाइट——

श्री तिवारी ने कहा कि राज्य के मदरसों और संस्कृत विद्यालयों की स्थलीय जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों में तय मानकों के अनुरूप शिक्षण व्यवस्था नहीं पायी जाएगी, उसे बंद किया जाएगा।

——साउंड बाइट——

————————————————————————————

ग्रामीण विकास मंत्री राजीव रंजन सिंह ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान किये। देशभर की बयालीस उत्कृष्ट पंचायतों को ग्रामीण विकास, सुशासन, जनभागीदारी, स्वच्छता, डिजिटल सेवाओं तथा सतत विकास लक्ष्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए दो श्रेणियों में ये पुरस्कार

प्रदान किये गए। सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत' पुरस्कार श्रेणी के अंतर्गत नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार से रोहतास जिले की तेलकप पंचायत को पुरस्कृत किया गया। इस श्रेणी में पंचायत को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। मुखिया अनिता टोप्पो ने पुरस्कार ग्रहण किया।

——साउंड——

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा कि सरकार विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पंचायतों के सशक्तिकरण पर काम कर रही है।

——साउंड बाइट——

————————————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा है कि राज्य के तेरह जिलों में आयोजित होने वाले श्रावणी मेले के लिए दो करोड़ पच्चीस लाख रुपये की राशि आवंटित की गयी है। उन्होंने कहा कि यह राशि मेला क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए खर्च की जाएगी। श्री जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

————————————————————————————

पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कई स्थानों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान चालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। पटना का अधिकतम तापमान उनतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी हो सकती है।

——साउंड बाइट——

————————————————————————————

मुंगेर के आईटीसी पार्क स्थित सात सौ साल पुराने विशाल वट वृक्ष को हेरिटेज–ट्री घोषित करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि दुनिया के सबसे पुराने वृक्ष के रूप में खड़ा यह वट वृक्ष बिहार की महत्वपूर्ण प्राकृतिक धरोहर है। एक रिपोर्ट...

——रिपोर्ट——

मुंगेर के आईटीसी पार्क में सात सौ वर्ष पुरान वट वृक्ष को प्राकृतिक धरोहर के रूप में पहचान देने की कवायद शुरू हो गयी है। वन प्रमंडल पदाधिकारी अमरीश कुमार मल्ल ने बताया कि लखनऊ के बीरबल सहनी पुराविज्ञान संस्थान के वैज्ञानिकों ने कार्बन डेटिंग से इस वट वृक्ष की उम्र सात सौ वर्ष निर्धारित की है।

——साउंड बाइट——

मुंगेर वानिकी महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका कृतिका सुमन ने कहा कि इस पेड़ का संरक्षण चुनौतीपूर्ण है।

——साउंड बाइट——

मुंगेर का यह वट वृक्ष हमें यह याद दिलाता है कि जब तक हम अपनी प्रकृति को सहेज कर रखेंगे, हमारा इतिहास भी अमर रहेगा। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

————————————————————————————

ऊर्जा विभाग के सचिव अजय यादव ने भीषण गर्मी को देखते हुए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का अधिकारियों को निर्देश दिया है। विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने उपभोक्ताओं की शिकायतों के शीघ्र निपटारे के भी निर्देश दिये।

————————————————————————————

भागलपुर के विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त हिस्से पर निर्मित बेली ब्रिज पर वाहन परिचालन का ट्रायल किया गया। परीक्षण के दौरान ढाई टन वजन वाले चार पहिया वाहन को बीस से तीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलाकर पुल की मजबूती की जांच की गयी। बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार वाहनों का परिचालन पूरी तरह सफल रहा।

————————————————————————————

मधुबनी जिले के बिस्फी थाना क्षेत्र के केरवार गांव में पानी से भरे एक गड्ढे में डूबने से एक ही परिवार के पांच बच्चों की मौत हो गई। मृतकों में सगे और चचेरे भाई–बहन शामिल हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि मिट्टी खनन के लिए जेसीबी से खोदे गए गड्ढे में नहाने के दौरान यह हादसा हुआ। सभी बच्चों के शव बरामद कर लिये गए हैं। इधर, जिला प्रशासन की ओर से मृतकों के निकटतम परिजनों को चार–चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की गयी।

————————————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने स्वास्थ्य विभाग के तिरहुत प्रमंडल के क्षेत्रीय अपर निदेशक डॉक्टर अजय कुमार को पटना में चालीस हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। वहीं, ब्यूरो की टीम ने नवादा जिले के मेसकौर प्रखंड के

ग्रामीण आवास सहायक वीरू कुमार चौधरी को दस हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

युवा, रोजागर और कौशल विकास विभाग की ओर से बेगूसराय में आयोजित रोजगार मेले में सत्तर से अधिक युवाओं को विभिन्न कंपनियों ने ऑफर लेटर प्रदान किया। इधर, दरभंगा में कल से छह जून तक अलग–अलग प्रखंडों में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में अठारह से बयालीस आयु वर्ग के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। खगड़िया और मोतिहारी में भी कल एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

———————————————————————————

मुंगेर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव में एक व्यक्ति के घर पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

मधुबनी जिले के रहिका थाना क्षेत्र से पुलिस ने हाईवे पर फायरिंग करने के आरोप में एक आरोपी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

शेखपुरा जिले के पैन पंचायत में राष्ट्रव्यापी खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

———————————————————————————

ज्ञान भारतम् मिशन के तहत सहरसा जिले के कहरा गांव से अभयकांत ठाकुर ने लगभग पांच सौ वर्ष पुरानी पांडुलिपि जिला प्रशासन को सौंपी है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. केंद्र सरकार ने एनएच–इकतीस और एनएच–दो सौ इकतीस के खगड़िया–पूर्णिया खंड को फोर लेन में अपग्रेड करने की दी मंजूरी।

02 राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से अनुदान प्राप्त करने के लिए वार्षिक आय सीमा को ढाई लाख रुपये से बढ़ाकर चार लाख रुपये किया।

03. शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा – टीआरई–फोर के लिए जुलाई महीने में प्रकाशित होगा विज्ञापन।

04. और, रोहतास जिले की तेलकप पंचायत को नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार से किया गया सम्मानित।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।